भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबन्धन अनसंधान केन्द्र
राजपुर खुर्द, मैदानगढ़ी नई दिल्ली–110068
ICAR- National Research Institute for Integrated Pest Management
Rajpur Khurd, Madiangari New Delhi-110 068
E-Mail: hoa.ncipm@icar.gov.in Website : director.ncipm@icar.gov.in

फ. सं.: - A-27/2026-S&P-NRIIPM/रसायन की खरीद/68

Date: - 16th OCT 2026

परिपत्र

विषय:- प्रयोगशाला उपभोज्य सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर के अनिवार्य रख-रखाव के संबंध में।

परिषद के सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार, सभी प्रयोगशालाओं में प्रयोगशाला उपभोज्य सामग्रियों के लिए उचित एवं नियमित रूप से अद्यतन स्टॉक रजिस्टर का रख-रखाव अनिवार्य किया गया है।

अतः सभी प्रयोगशाला प्रभारी/वैज्ञानिकों से अनुरोध है कि वे अपनी-अपनी प्रयोगशालाओं में प्रयोगशाला में उपयोग होने वाली सभी उपभोज्य सामग्रियों, जिनमें रसायन, कांच के सामान (Glassware) एवं अन्य प्रयोगशाला सामग्री के लिए पृथक एवं अद्यतन स्टॉक रजिस्टर का रख-रखाव सुनिश्चित करें।

स्टॉक रजिस्टर में संबंधित सामग्री की प्राप्ति, निर्गमन/उपयोग, शेष मात्रा तथा अन्य आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं तथा रजिस्टर को नियमित रूप से अद्यतन किया जाए। संबंधित प्रयोगशाला प्रभारी/वैज्ञानिक स्टॉक रजिस्टर के उचित रख-रखाव एवं समय-समय पर उसे अद्यतन करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा स्टॉक रजिस्टर को सुव्यवस्थित रूप से बनाए रखें और आवश्यकता पड़ने पर निरीक्षण/लेखा-परीक्षण (Audit) हेतु उपलब्ध कराएं।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

16/10/26

जसवंत कुमार

(वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/ कार्यालय प्रमुख)

सवितरण:

1. ए. के. एम. यू. प्रभारी से अनुरोध है कि इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर दें।
2. सभी लैब प्रभारी, वैज्ञानिक।
3. पी. एम. ई. प्रभारी, एस. एफ. एंड ए. ओ. की जानकारी के लिए।
4. निदेशक के पी. पी. एस. को जानकारी के लिए।
5. संबंधित सहायक।
6. सूचना पट्ट।